# रवि सिन्हा बने शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के अध्यक्ष



राजनांदगांव (दीप जागृति)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रवि सिन्हा को शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विद्यार्थी परिषद से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले सिन्हा ने बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, युवा मोर्चा और भाजपा जैसे संगठनों में भी महत्वपूर्ण दायित्व निभाए हैं। वर्तमान में वे भाजपा के दक्षिण मंडल प्रभारी और सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक की भूमिका निभा रहे हैं।

नवीन जिम्मेदारी मिलने पर रवि सिन्हा ने कहा कि वे इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार करते हैं और महाविद्यालय के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों के शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि वे महाविद्यालय को ऊंचे मुकाम पर पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## बिना राजनीतिक लालसा के सेवा करते रहे रवि सिन्हा, अब संभालेंगे महाविद्यालय की कमान

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रवि सिन्हा, जो अब तक बिना किसी राजनीतिक लालसा के विभिन्न संगठनों में अपनी सेवाएं देते आए हैं, को शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय का अध्यक्ष बनाया गया है। सिन्हा ने कहा कि वे हमेशा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते आए हैं और महाविद्यालय के विकास और छात्रों के हितों के लिए समर्पित रहेंगे।